# 2021

# ELECTIVE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

## खण्ड – क

**(पद्य – 8+12 = 20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) जिस निर्जन में सागर लहरी
अम्बर के कानों में गहरी
निश्छल प्रेम-कथा कहती हो
तज कोलाहल की अवनी रे ।

*अथवा*

(ख) दूसरो की गोद में बड़ी होने वाली
पराई भाषा पर आश्रित
माँ की शक्ल न पहचानने वाली
सन्तान है बेचारी
पुकारूँगा "माँ"
आज के दिन तो ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या *2* का उत्तर लगभग *40* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *3* का उत्तर लगभग *25* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *4* और *5* के उत्तर लगभग *20 – 20* शब्दों में, प्रश्न-संख्या *6* और *7* के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या *8* का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

2. माया दीपक नर पतँग, भ्रमि भ्रमि इवैं पड़ंत ।
   कहै कबीर गुर ग्यान थैं एक आध उबरंत ।।
   —कबीरदास की उपर्युक्त साखी में निहित भाव स्पष्ट कीजिए । 4

3. 'मैं नीर भरी दुख की बदली' कविता में कवयित्री ने अपने आपको 'दुख की बदली' क्यों कहा ? 3

4. सौन्दर्य की प्रतिमा बनकर कौन कैसे खड़ी है ? 2

5. कबीरदास गुरु की महिमा किस प्रकार व्यक्त करता है ? 2

6. अज्ञानी गुरु की संगति से शिष्य को क्या फल मिलता है ? 1

7. 'कबीर सतगुर नां मिल्या, रही अधूरी सीष ।' 1
   —उपर्युक्त पंक्ति में निहित भाव स्पष्ट कीजिए ।

8. 'अंतर्निहित' कविता का अनुवाद तमिल से हिन्दी में किसने किया ? 1

   (क) तंवि श्रीनिवासन ने

   (ख) महादेवी वर्मा ने

   (ग) एस० बालसुब्रह्मण्यम ने

   (घ) जयशंकर प्रसाद ने

## खण्ड – ख

### (गद्य – 25 अंक)

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) बाजार बांसा की वह आग अमृतसर की सब से भयानक आग थी, जिससे कुछ देर के लिए तो सारे शहर के जल जाने का अँदेशा पैदा हो गई थी । बाजार बांसा के आसपास के कई मुहल्लों को तो उस आग ने अपने लपेट में ले ही लिया था ।

*अथवा*

(ख) वह गरजने वाला मेघ नहीं, बरसने वाला धुआँधार था । वैसे उनका मौन गजब का था । वह ठोस वीरता के पुजारी योद्धा थे, पोल के शब्द उन्हें आकर्षित नहीं कर सकते थे ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***10*** का उत्तर लगभग ***150*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***11*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***12*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***13*** का उत्तर लगभग ***20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या ***14*** और ***15*** के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. 'खादी और गादी की लड़ाई' अथवा मनुष्य के जीवन की सार्थकता पाठ का सारांश लिखिए । 8

11. गनी से मिलने के पश्चात रक्खे का जो हाल था, उसका बर्णन कीजिए । 4

12. लोकमान्य और वल्लभभाई में कौन-कौन-से चारित्रिक अन्तर हैं ? 3

13. जन्म की सफलता समाज पर क्यों निर्भर है ? 2

14. 'खादी और गादी की लड़ाई' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) आचार्य विनोबा भावे

(ख) मोहन राकेश

(ग) रामनाथ 'सुमन'

(घ) पं० बालकृष्ण भट्ट

15. "सब कुछ बदल गया, मगर बोलियाँ नहीं बदली ।"

—उपर्युक्त कथन किसका है ? 1

(क) चिरागदीन का

(ख) अब्दुल गनी का

(ग) रक्खे पहलवान का

(घ) बुड्ढे मुसलमान का

**खण्ड – ग**

**(पूरक पुस्तक – 15 अंक)**

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***16*** का उत्तर लगभग ***40*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***17*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***18, 19*** और ***20*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***21*** का उत्तर एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या **22** का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

16. रवीन्द्रनाथ ने अपने बाल्यकाल का जीवन कैसे बिताया ? 4

17. मि. बेग कहाँ नौकरी करता था और वह केम्ब्रिज क्यों आया ? 1+2=3

18. लेखक को रात को नींद क्यों नहीं आई ? 2

19. बंगाल का ठाकुर परिवार किसके लिए प्रख्यात है ? 2

20. पिताजी ने रविबाबू को जमींदारी का काम क्यों सौप दिया ? 2

21. 'गीतांजलि' की कविताओं की मूल विशेषता क्या थी ? 1

22. 'प्रवास की डायरी : कुछ पन्ने' पाठ का लेखक कौन है ? 1

(क) बाबू गुलाबराय

(ख) इबोहल सिंह काङ्जम

(ग) हरिवंशराय बच्चन

(घ) एस० लनचेनबा मीतै

## खण्ड – घ

### (वाचन – 10 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***23, 24*** और ***25*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या *26* से ***29*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य में लिखिए ।

नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

अध्यापक उसे कहते हैं, जो अध्यापन का काम करता है । समाज और राष्ट्र के भावी जीवन के एकमात्र आधार बालकों को योग्य और चरित्रवान बनाना अध्यापकों का काम है । इस रूप में अध्यापकों के कंधों पर समाज और राष्ट्र का अधिक दायित्व होता है । अध्यापक और समाज का अधिक घनिष्ठ सम्बन्ध है । समाज और राष्ट्र की उन्नति और अवनति बहुत कुछ अध्यापकों के ही ऊपर निर्भर रहती है । वह राष्ट्र अधिक भाग्यशाली है, जिसके भीतर सुयोग्य और चरित्रवान अध्यापकों की बहुलता रहती है ।

23. अध्यापकों का काम क्या है ? 2

24. कौन-सा राष्ट्र अधिक भाग्यशाली है ? 2

25. राष्ट्र की उन्नति और अवनति किन व्यक्तियों के ऊपर निर्भर रहती है ? 2

26. अध्यापक किसे कहते हैं ? 1

27. अध्यापक और समाज के बीच कौन-सा सम्बन्ध है ? 1

28. किसी राष्ट्र के भावी जीवन का एकमात्र आधार कौन है ? 1

29. 'योग्य' शब्द का एक पर्यायवाची शब्द लिखिए । 1

## खण्ड – ङ

### (लेखन – 15 अंक)

30. नीचे लिखे गद्यांश को ध्यान से पढ़िए और इसका सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए और साथ ही शीर्षक भी दीजिए : 5+2 = 7

महात्मा गाँधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 को हुआ । उनका पूहा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी था । हम उन्हें 'बापू' या 'राष्ट्रपिता' के नाम से भी जानते हैं । भारत के स्वतंत्रता-संग्राम में गाँधीजी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी । उन्होंने असहयोग आन्दोलन और नमक सत्याग्रह किया था । सत्य और अहिंसा में उनका अडिग विश्वास था । उन्होंने अपने अहिंसा के बल पर ही भारत को आजादी दिलाई थी 15 अगस्त 1947 को भारत को स्वतंत्रता मिली ।

31. (क) इम्फाल बाजार में घटित एक सड़क दुर्घटना का वर्णन लगभग ***150*** शब्दों में लिखिए । 8

*अथवा*

(ख) वीर टिकेन्द्रजीत की जीवनी लगभग ***150*** शब्दों में लिखिए ।

## खण्ड – च

### (व्याकरण – 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या ***32*** का उत्तर लगभग ***25*** शब्दों में, प्रश्न-संख्या ***33, 34*** और ***35*** के उत्तर लगभग ***20–20*** शब्दों में, तथा प्रश्न-संख्या ***36*** से ***41*** तक के उत्तर **एक-एक** वाक्य या शब्द या शब्द-समूह में लिखिए ।

32. मुहावरे और लोकोक्ति में क्या अन्तर है ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 3

33. अन्विति से सम्बन्धित चार मुख्य बातों को स्पष्ट कीजिए । 2

34. यदि कर्ता के आगे 'ने' परसर्ग लगा हो, तब क्रिया किसके अनुसार होगी ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 1+1=2

35. 'कान पर जूं नहीं रंगती' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए और वाक्य-प्रयोग कीजिए। 1+1=2

36. 'उधार' और 'उद्धार' इन दोनों शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

37. 'दिन' और 'दीन' इन दोनों शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

38. 'ओखली में सिर देना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

39. 'हाथ पर हाथ धरे बैठे रहना' मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

40. 'ऊपर गोरे, भीतर काले' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए। 1

41. 'लातों के देव बातों से नहीं मानते' लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 1

---